**खबर संक्षेप**

### आधी रात हथियारों की नोक पर आतंक, दंपती को बांधकर लाखों लूटे

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के धनगवां गांव में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दी। हथियारों से लैस बदमाशों ने एक किसान के घर में घुसकर दंपती को बंधक बनाया और लाखों रुपये की लूट कर फरार हो गए। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, किसान ओमप्रकाश केवट के घर देर रात पांच से अधिक बदमाश घुसे। आरोपियों के पास बंदूक और चाकू थे। घर में प्रवेश करते ही बदमाशों ने सीधे अलमारी और कमरों को निशाना बनाया। विरोध की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई। आहट लगते ही जब ओमप्रकाश की पत्नी प्रति केवट की नींद खुली तो बदमाशों ने तुरंत दोनों को हथियार दिखाकर काबू में ले लिया। पति-पत्नी के हाथ रस्सी से बांध दिए गए और मुंह पर टेप चिपका दिया गया, ताकि शोर न हो और आसपास के लोग सतर्क न हों। इसके बाद बदमाश बेखौफ होकर लूटपाट करते रहे। आरोपियों ने घर से करीब दो किलो चांदी, तीन तोला सोने के जेवर और लगभग चार लाख रुपये नकद लूट लिए। नकदी हाल ही में धान बिक्री के बाद घर में रखी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आसानी से मौके से फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह दंपती ने खुद को बंधन से मुक्त किया और पुलिस को सूचना दी। बुढार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, वहीं संदिग्धों की तलाश के लिए संभावित रास्तों पर दबिश दी जा रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद धनगवां सहित आसपास के गांवों में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा अपराधी उठा रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जल्द खुलासे का दावा किया है।

### कानून व्यवस्था से समझौता नहीं, जनता की सुरक्षा सर्वोपरि: पाण्डेय

**शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के नवपदस्थ थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट शब्दों में रखा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या समझौता नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत जुआ, सट्टा, अवैध शराब की पैकारी, नशीली दवाओं का कारोबार तथा संगठित आपराधिक गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों और गिरोहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस की कार्रवाई कानून के दायरे में, पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना क्षेत्र में सतत गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी, तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति लागू की जाएगी। रात्रि गश्त को और मजबूत किया जाएगा ताकि चोरी, लूट व अन्य असामाजिक गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।

## एकता, संस्कृति और संगठन शक्ति का विराट प्रदर्शन

# संघ के शताब्दी वर्ष पर बकहो मंडल में आयोजित ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन





**शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने का अवसर पूरे देश के लिए गौरव और आत्मचिंतन का विषय है। इसी ऐतिहासिक अवसर को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से जिले के बकहो मंडल में एक भव्य एवं ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन न केवल एक सामाजिक आयोजन था, बल्कि हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना, परंपरागत मूल्यों और संगठन शक्ति का सजीव उदाहरण बनकर उभरा। बकहो मंडल की धरती उस समय अद्भुत उल्लास, श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत दिखाई दी, जब हजारों की संख्या में लोग इस सम्मेलन में सहभागी बने। दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से लेकर नगर क्षेत्र तक के लोग इस आयोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल पर भगवा ध्वजों की श्रृंखला, अनुशासित स्वयंसेवकों की पंक्तियां और भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव से परिपूर्ण हो गया।

### आत्मविश्वास और गर्व की झलक

सम्मेलन का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और भारत माता की जयकारों ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासन और सेवा भाव का परिचय देते नजर आए। उनके साथ हिंदू समाज के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति, युवा वर्ग और बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिसने सम्मेलन को सामाजिक समरसता का सशक्त मंच बना दिया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे कलाकारों ने देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य और नाट्य मंचन के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उनकी मासूम लेकिन सशक्त प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच से उतरते समय बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व की झलक साफ दिखाई दे रही थी, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### समाज बना सकता है राष्ट्र को सशक्त

सम्मेलन में आदिवासी संस्कृति की झलक भी अत्यंत प्रभावशाली रूप में देखने को मिली। आदिवासी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कर्मा लोक नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। ढोल और मांदर की थाप पर थिरकते कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। यह प्रस्तुति न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि सांस्कृतिक विविधता निहित एकता का संदेश भी देती नजर आई। इस भव्य आयोजन में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक जयसिंह मरावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों और सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अद्वितीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने हिंदू समाज की एकता को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है।

### सम्मेलन समाज को जोडऩे का माध्यम

मुख्य अतिथि के अलावा अन्य वक्ताओं ने भी मंच से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्वों पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं। मातृशक्ति की सहभागिता को समाज की शक्ति बताते हुए महिलाओं की भूमिका की भी सराहना की गई। सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति से पूरा बकहो मंडल उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम स्थल के आस-पास भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा। लोग एक-दूसरे से आत्मीयता के साथ मिलते-जुलते नजर आए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोडऩे का एक सशक्त माध्यम था।

### इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय

कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और आमजन ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। सेवा भाव से भोजन परोसते स्वयंसेवक भारतीय परंपरा में निहित 'सेवा ही साधना' के भाव को साकार करते दिखाई दिए। भंडारे ने सामाजिक समता और भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत किया। कुल मिलाकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित यह भव्य हिंदू सम्मेलन बकहो मंडल के इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। यह आयोजन एकता, संस्कृति, संगठन शक्ति और राष्ट्रभावना का प्रतीक बनकर उभरा। सम्मेलन ने यह संदेश दिया कि जब समाज अपनी परंपराओं और मूल्यों के साथ संगठित होता है, तो वह किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है। यह ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव तथा राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# शहडोल में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



### संगठन सृजन से भाजपा के किले में सेंध लगाने की तैयारी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश में सत्ता परिवर्तन और संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस ने अब माइक्रो लेवल पर घेराबंदी शुरू कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी चंदन यादव के नेतृत्व में शहडोल जिले में आयोजित संगठन सृजन अभियान के जरिए कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि आगामी संघर्ष अब सीधे जमीन पर होगा। झगरहा से लेकर जिला मुख्यालय तक कांग्रेसियों के आक्रामक तेवरों ने सत्ताधारी दल की पेशानी पर बल ला दिए हैं।

### भाजपा की विफलताएं गिनाएगी कांग्रेस

अभियान के प्रथम चरण में सिंहपुर उपब्लॉक के झगरहा में पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन कर चंदन यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जड़ से उखाडऩे की ताकत केवल जमीनी कार्यकर्ताओं में है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा लोकतंत्र की नींव पंचायत में है और जब कांग्रेस का कार्यकर्ता वहां डट जाएगा, तो दमनकारी सत्ता का अंत निश्चित है।

### विधायक नारायण पट्टा का सीधा प्रहार

जिला प्रभारी एवं विधायक नारायण पट्टा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इसे जनविरोधी करार दिया। उन्होंने हुंकार भरी कि भाजपा की विफलताओं से जनता त्रस्त है और अब कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने अनुशासन का चाबुक चलाते हुए स्पष्ट किया कि केवल सक्रिय और अनुशासित कार्यकर्ता ही इस राजनीतिक युद्ध के असली सिपाही होंगे।




### बैठकों का दौर: चुनावी मोड में संगठन

जिला कांग्रेस भवन में आयोजित मैराथन बैठकों में ब्लॉक अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जमकर क्लास ली गई। बूथ स्तर पर सक्रियता और युवाओं को सीधे विचारधारा से जोडऩा। क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याएं और विकास कार्यों में भाजपा का कथित हस्तक्षेप। जिला पंचायत से लेकर नगरीय निकायों तक के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जनता के हक की लड़ाई लडऩे की शपथ ली। कांग्रेस के इस आक्रामक मिशन मोड ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि जिले में अब सियासत केवल बयानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सडक़ पर उतरकर सत्ता को चुनौती दी जाएगी।

# बंद पड़ी कोयला खदान में नग्न अवस्था में मिला 7 वर्षीय बच्चे का शव



**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 7 वर्षीय मासूम ऋतिक कोल का शव बंद पड़ी कोयला खदान में भरे पानी से बरामद किया गया है। बच्चे का शव नग्न अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है और मामले को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार झिल्ली दफाई निवासी ऋतिक कोल बीते 5 दिनों से लापता था, परिजनों द्वारा धनपुरी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, बच्चे की तलाश के लिए पुलिस और परिजन लगातार प्रयासरत थे, यहां तक कि बच्चे का पता बताने वाले के लिए 5 हजार रुपये के इनाम की भी घोषणा की गई थी।



धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बगैय्या नाला के पास स्थित बंद पड़ी कोयला खदान में भरे पानी में बच्चे का शव संदिग्ध अवस्था में तैरता हुआ मिला, स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद धनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। शव की हालत और परिस्थितियों को देखते हुए मामला सामान्य नहीं प्रतीत हो रहा है। नग्न अवस्था में शव मिलना, लापता होने के कई दिनों बाद इस तरह बरामदगी, कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का खुलासा हो सके, फिलहाल धनपुरी पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, इधर मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

### इनका कहना है...

एक 7 वर्षीय बच्चे 5 दिन से लापता था, जिसका बगैय्या नाला के पास पानी में शव मिला है, मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

**खेम सिंह पेंद्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

# ब्यौहारी के माननीयों को कानून का चाबुक





### नपा अध्यक्ष और भाजपा के दिग्गज दोषी करार, गुंडागर्दी पर भारी पड़ा इंसाफ!

**शहडोल।** सत्ता के नशे में चूर होकर कानून को जेब में समझने वाले सफेदपोशों को अदालत ने आईना दिखा दिया है। ब्यौहारी की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजन उर्फ श्रीकृष्ण गुप्ता और भाजपा के वर्तमान व पूर्व मंडल अध्यक्षों सहित चार रसूखदारों को मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के जुर्म में दोषी करार दिया है। 29 जनवरी 2026 को आए इस फैसले ने क्षेत्रीय राजनीति में भूचाल ला दिया है।

### चुनावी रंजिश में दबंगई पड़ी महंगी

मामला साल 2017 का है, जब ब्यौहारी बस स्टैंड के पास इन दिग्गजों ने सरेराह गुंडागर्दी का नंगा नाच किया था। फरियादी राजेंद्र सिंह उर्फ अल्लू को रास्ते में रोककर न केवल मां-बहन की अश्लील गालियां दी गईं, बल्कि उसे जमीन पर पटककर बेरहमी से नाखूनों और मुक्कों से लहूलुहान कर दिया गया। सत्ता की हनक ऐसी थी कि बीच सडक़ पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। पुलिस की विवेचना और मेडिकल रिपोर्ट ने इन माननीयों के हिंसक चेहरे को बेनकाब कर दिया, जिसमें फरियादी की आंख, गर्दन और शरीर पर गंभीर चोटों की पुष्टि हुई थी।

ये हैं वो चेहरे, जिन पर कोर्ट की गाज गिरी

राजन गुप्ता वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष, ब्यौहारी, मोनू उर्फ विनय गुप्ता वर्तमान मंडल अध्यक्ष, भाजपा, ओमप्रकाश उर्फ पिंकू सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा, मनोज ताम्रकार स्थानीय कारोबारी।

### राजीनामे की सेटिंग भी नहीं आई काम

अदालत की कार्रवाई के दौरान इन रसूखदारों ने मामले को रफा-दफा करने के लिए राजीनामे के दांव-पेच भी चले। लेकिन कानून के हाथ लंबे थे। जिन धाराओं में समझौता मुमकिन नहीं था, उनमें साक्ष्यों और गवाहों की कडक़ जुबानी ने इन दिग्गजों को जेल की दहलीज तक पहुंचा दिया। न्यायाधीश ने चारों आरोपियों को छह माह तक के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### सफेदपोशों के रसूख पर करारा तमाचा

यह फैसला उन नेताओं के लिए कड़ा संदेश है जो पद और पावर की आड़ में आम जनता को प्रताड़ित करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। कोर्ट ने साफ कर दिया कि संविधान की नजर में नगर पालिका अध्यक्ष हो या पार्टी अध्यक्ष, अपराधी केवल अपराधी होता है। फिलहाल ब्यौहारी की गलियों में एक ही चर्चा है, कानून के घर में देर है, अंधेर नहीं! हालांकि दोषियों के पास ऊपरी अदालत में अपील का रास्ता खुला है, लेकिन ट्रायल कोर्ट के इस फैसले ने इनकी राजनीतिक साख पर जो कालिख पोती है, उसे धोना अब नामुमकिन नजर आ रहा है।

## धान खरीदी केंद्र के पास विवाद ने लिया जानलेवा रूप, 8 दिन बाद मौत, हिरासत में आरोपी

# मोबाइल से फोटो पर भड़का प्रभारी, बीच-बचाव करने आए युवक की हत्या



**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के तिखवा गांव में धान खरीदी केंद्र के पास शुरू हुआ मामूली विवाद हत्या में तब्दील हो गया। मोबाइल से फोटो लेने के शक में हुए झगड़े में बीच-बचाव करने आए युवक की इलाज के दौरान आठ दिन बाद मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने आरोपी धान खरीदी केंद्र प्रभारी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जमोड़ी निवासी अशोक पाल 22 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ तिखवा गांव स्थित धान खरीदी केंद्र के पास मौजूद था। इसी दौरान अशोक ने अपने मोबाइल फोन से कुछ तस्वीरें लीं। आरोप है कि धान खरीदी केंद्र प्रभारी शशिकांत शर्मा ने इसे केंद्र की फोटो खींचना मान लिया और इस पर आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद और मारपीट में बदल गई।



विवाद बढऩे पर आरोपी प्रभारी ने अशोक पाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अशोक के दोस्त वहां से भाग गए और घटना की सूचना अशोक के भाई दिनेश पाल को दी। जानकारी मिलते ही दिनेश पाल मौके पर पहुंचा और अपने भाई के साथ हो रही मारपीट का विरोध किया। आरोप है कि इसी दौरान धान खरीदी केंद्र प्रभारी शशिकांत शर्मा ने दिनेश पाल के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से दिनेश मौके पर ही गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हालत नाजुक होने के चलते दिनेश पाल को पहले रीवा और बाद में जबलपुर रेफर किया गया, जहां शनिवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों का कहना है कि शव गांव पहुंचने के बाद ब्यौहारी में चक्का जाम किया जाएगा।

### इनका कहना है...

आरोपी धान खरीदी केंद्र प्रभारी शशिकांत शर्मा को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बृजेंद्र मिश्रा**
**थाना प्रभारी, पपौंध**

## खबर संक्षेप

### अब आभा आई. डी होगी अनिवार्य

**उमरिया।** सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक डॉ के सी सोनी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया मैं अब आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट जो 14 अंको का आभा आईडी अनिवार्य हो गया है, पैथोलॉजिस्ट डॉ मुकुल तिवारी ने अवगत कराया है कि 1 फरवरी 2026 से अस्पताल में ब्लड सैंपल जांच कराने हेतु अब आईडी आवश्यक होगी, इसके लिए पैथोलॉजी के पास एक काउंटर बनाया गया है, जिसमें हितग्राही को अपना आधार कार्ड एवं आधार से लिंक पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के उपरांत आभा आईडी जनरेट किया जा सकेगा , उसके पश्चात ही आभा आईडी बनने के उपरांत ब्लड सैंपल की आगामी जांच किया जा सकेगा। उन्होंने नगर एवं ग्राम वासियों से यह अपील की है कि 1 फरवरी 2026 से समस्त ख़ून की जांच हेतु आभा आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं एवं साथ में लेकर आए।

### विद्युत मंडल परिसर में स्थित गौरीशंकर मंदिर में किया गया बैठक का आयोजन

**कोतमा।** 14 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विद्युत मंडल परिसर में स्थित गौरीशंकर मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कनिष्ठ अभियंता लालमणि पटेल, केएस पटेल, विजय शुक्ला, हनुमान गर्ग, सुनील वर्मा, कुमार वर्मा, आरयस तिवारी, लालजी साहू, अनिल शुक्ला, केवी सोनी, राजेश कुमार सोनी, बृजेश त्रिपाठी, संजय सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा करते हुए यह तय किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष और भव्य रूप से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व के दिन गौरीशंकर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए गांधी चौक पहुंचेगी गांधी चौक में तांडव नृत्य का आयोजन किया जाएगा उसके बाद झांकी नगर भ्रमण करते हुए वापस गौरीशंकर मंदिर पहुंचेगी। चल झांकी समारोह में जीवन्त शिव पार्वती की झांकी तैयार की जाएगी चल झांकी में कलाकारों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का भजन भी किया जाएगा। उसके उपरांत बस स्टैंड परिसर में तांडव नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व पर गौरी शंकर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया जाएगा रोशनी की जाएगी मंदिर परिसर से लेकर बस स्टैंड तक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन शंकर जी की बारात निकाली जाएगी जिनका स्वागत नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए नगरवासियों के द्वारा किया जाएगा।

## बांधवगढ़ में गाइड भर्ती के नाम पर रोजगार के बंदरबांट की साजिश नाकाम

# बीटीआर प्रबंधन के कड़े रुख से मचा हडक़ंप!

**उमरिया। विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व इन दिनों बाघों की दहाड़ से ज्यादा इंसानी दांव-पेच और भर्ती विवादों के कारण चर्चा में है। गाइड भर्ती को लेकर छिड़ा शीतयुद्ध अब माननीय उच्च न्यायालय की चौखट तक जा पहुंचा है। एक तरफ विस्थापित ग्रामीणों का अपने हक को लेकर उग्र तेवर है, तो दूसरी तरफ प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी दबाव में आकर टाइगर रिजर्व की अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र को दांव पर नहीं लगाएगा।**

### रोजगार को गर्त में धकेलने की साजिश

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने अपने तेवर सख्त करते हुए साफ कर दिया है कि गाइडों की भर्ती कोई रेवड़ी नहीं है, जिसे राजनीतिक या व्यक्तिगत हितों के लिए बांटा जाए। वर्तमान में रिजर्व में 197 पंजीकृत गाइड पहले से ही अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जब कोर एरिया का विस्तार संभव ही नहीं है, तो नए गाइडों की फौज खड़ी करना उन पुराने गाइडों के पेट पर लात मारने जैसा है जो वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रबंधन का पक्ष बेहद तार्किक और कड़ा है, जब मेहमान सीमित हैं, तो मेजबानों की फौज क्यों? सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि 2012 के बाद कोर एरिया में न तो पर्यटकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है और न ही पर्यटन क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है। ऐसे में बिना किसी ठोस आधार के नई नियुक्तियां करना केवल अव्यवस्था को निमंत्रण देना है।

### विस्थापितों की हुंकार

विवाद की सबसे तीखी धार विस्थापित ग्रामीणों की ओर से आई है। माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका डब्ल्यूपी2099/2026 ने टाइगर रिजर्व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर






सवाल खड़े किए हैं। विस्थापितों का सीधा आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में उन रसूखदारों को उपकृत किया जा रहा है, जिनके पास पहले से ही जिप्सी (पर्यटक वाहन) हैं या जो पहले से ही चालक के रूप में लाभ ले रहे हैं। विस्थापितों का तर्क है कि नियमतः रोजगार में प्राथमिकता उन्हें मिलनी चाहिए, जिन्होंने बाघों के संरक्षण के लिए अपनी पुश्तैनी जमीनें कुर्बान कर दीं। बिना स्थानीय सलाहकार समिति की मंजूरी के गुपचुप तरीके से भर्ती की कोशिशों को विस्थापितों ने अपने अस्तित्व पर हमला करार दिया है।

### शॉर्टकट रोजगार की तलाश

सूत्रों की मानें तो यह पूरा विवाद कुछ ऐसे लोगों द्वारा हवा दिया जा रहा है जो कानूनी पेचीदगियों का फायदा उठाकर बैकडोर एंट्री चाहते हैं। पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय ने प्रबंधन को विवेकपूर्ण निर्णय लेने को कहा था, जिसका अर्थ यह कतई नहीं था कि असीमित भर्ती कर दी जाए। प्रबंधन का कहना है कि लगभग 23 नए आवेदनों पर विचार करने के निर्देश मिले थे। इसी बीच 50 अन्य लोगों ने भी कोर्ट की शरण ले ली। यदि इन सभी 63 अतिरिक्त लोगों को पंजीयन दे दिया जाता है, तो बांधवगढ़ में गाइडों की स्थिति भीड़ जैसी हो जाएगी, जिससे न केवल अनुशासन बिगड़ेगा बल्कि प्रति गाइड मिलने वाले काम के दिनों की संख्या घटकर न्यूनतम रह जाएगी।

### बनी थी नो वैकेंसी की राय

यह मामला तब और गंभीर हो जाता है जब हम पिछली स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक पर नजर डालते हैं। शहडोल कमिश्नर, उमरिया-कटनी कलेक्टर और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रबंधन ने डंके की चोट पर कहा था कि वर्तमान में एक भी अतिरिक्त गाइड की जरूरत नहीं है। उस समय सभी सदस्यों ने एकमत से सहमति जताई थी कि पहले से कार्यरत गाइडों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। जब प्रशासनिक मुखिया और जनप्रतिनिधि सहमत थे, तो फिर कोर्ट के चक्कर काटकर भर्ती का दबाव बनाने के पीछे कौन सी अदृश्य शक्तियां काम कर रही हैं?

### प्रबंधन का मास्टरस्ट्रोक

विस्थापितों के कड़े विरोध के बाद बीटीआर प्रबंधन ने फिलहाल गाइड प्रशिक्षण प्रक्रिया को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यह कदम उन लोगों के लिए करारा तमाचा है जो बिना योग्यता और बिना आवश्यकता के सिस्टम में घुसने की फिराक में थे। प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका प्राथमिक उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण है, न कि रोजगार ब्यूरो चलाना। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मची यह रार अब निर्णायक मोड़ पर है। क्या प्रबंधन बाहरी दबावों के आगे घुटने टेकेगा या अपने उसूलों पर कायम रहेगा, माननीय उच्च न्यायालय को दिए जाने वाले जवाब पर सबकी निगाहें टिकी हैं। फिलहाल, बीटीआर प्रशासन ने अपनी मंशा साफ कर दी है कि न्याय होगा, लेकिन नियमों की बलि चढ़ाकर नहीं।

# किसान बाइक रैली को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





### कृषि उपज मंडी से किसान बाइक रैली का किया गया आयोजन

**उमरिया।** किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि उपज मंडी प्रांगण से विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह , सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह कि उपस्थिति में किसानों की मोटर सायकिल रैली का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर रमपुरी तिराहा, नया बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, जय स्तम्भ चौक ,गांधी चौक , रणविजय चौक होते हुए कृषि उपज मंडी पहुँची ।

मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से मिट्टी का परीक्षण कराओ-खाद का फालतू खर्च बचाओ, मिट्टी के मित्र कीट न जलाओ- नरवाई मुक्त खेती अपनाओ, नरवाई जलाना है पाप-धरती का बढ़ता ताप,समझदार किसान की यही पहचान-नरवाई न जलाकर बचाए अपनी शान, उन्नत बीज आधुनिक खेती- समृद्ध किसान की यही है नीति, नई सोच नई उमंग- किसान कल्याण है हमारे संग, त्याग और तपस्या का दूसरा नाम- हमारे अन्नदाताओं को सादर प्रणाम, अबकी बार- किसान कल्याण का सपना साकार, बूंद-बूंद से फसल उगाएं, पर ड्रॉप मोर कॉप का मंज अपनाएं चलो गॉव की ओर- किसान कल्याण का नया दौर का सन्देश दिया गया। विधायक बाँधवगढ़ ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों के बीच जागरूकता एवं सकारात्मकता का वातावरण निर्मित किया जाना हैं। रैली के माध्यम से किसान कल्याण वर्ष , शासकीय विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं किसानों के प्रति सम्मान को प्रकट करना है। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। किसान कल्याण वर्ष के तहत किसानों को खेती संबंधित जानकारी देने के लिए रथ का संचालन भी किया जा रहा है, जो ग्राम ग्राम पहुँच कर किसानों को खेती करने के तौर तरीकों से अवगत करा रहा है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, एस ए डी ओ एम के दुबे, धनुषधारी सिंह , विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।



## सीईओ द्वारा महिला सिलाई प्रशिक्षण का किया गया समापन

**उमरिया।** भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया में महिला सिलाई का 31 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका 30 जनवरी को असेसमेंट कन्ट्रोलर ओ.पी.चतुर्वेदी के माध्यम से किया गया । परीक्षोपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया के मुख्य आथित्य में आयोजित किया गया। सी ई ओ जिला पंचायत ने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण का अनुभव प्राप्त करते हुये कहा आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसे सरकारी प्रशिक्षण न समझें बल्कि इसे अपने जीवन का मूल आधार मानकर निरन्तर क्रियाशील रहते हुये अपने परिवार के लिये भरण पोषण का एक जरिया तैयार कर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिये कार्य करें क्योंकि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है, जीवन में हर कार्य की शुरूआत एक छोटे स्तर से ही की जाती है। तत्पश्चात आरसेटी डायरेक्टर ने कहा कि बिना संघर्ष के कोई महान नहीं होता और जबतक न पड़े हथोड़े की चोट वह पत्थर भी महान नहीं होता। अंत में आरसेटी निदेशक डॉ.तरूण कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथ्य के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई शुभकामनाएं प्रदान करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कला एवं गीत संगीत के साथ प्रस्तुतियां दी गई । इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक चंद्रभान सिंह, जिला प्रबंधक (कौशल) कामना त्रिपाठी, माधुरी शुक्ला एवं कृष्ण कुमार शुक्ला उमरिया ,संस्थान से आशीष पटेल संकाय सदस्य एवं राज बहादुर जायसवाल तथा समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# आम जनता के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा बुनियादी सुविधाओं का अभाव



### मुख्य मार्गो पर ऑटो टैक्सी, मालवाहक वाहनों के अनियंत्रित जमावड़े ने नगर की सूरत बिगड़ी

**हरिभुमि न्यूज कोतमा।** नगर की बढ़ती आबादी और व्यावसायिक विस्तार के बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव आम जनता के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। वर्तमान में नगर के मुख्य चौराहों और मुख्य मार्गो पर ऑटो टैक्सी और मालवाहक वाहनों के अनियंत्रित जमावड़े ने नगर की सूरत बिगाड़ दी है। 15 वार्डो वाले कोतमा नगर की आबादी लगभग 50000 हजार पार कर चुकी है। बाजार विस्तार के साथ ही सार्वजनिक वाहनों के लिए स्टैंड़ के रूप में सुविधा का विस्तार होना अति आवश्यक है। बस स्टैंड रेलवे स्टेशन में सुविधा का विस्तार होना अत्यंत की आवश्यक है क्योंकि टैक्सी वाहनों के खड़ा करने के लिए कोई मुकम्मल जगह नहीं है बस स्टैंड के अलावा माल वाहक वाहन कन्या स्कूल के पास, आजाद चौक चौपाटी के आसपास खड़ा कर रहे हैं। जिसके कारण हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। नगर में कोई निश्चित टैक्सी स्टैंड ना होने के कारण आधे दर्जन से अधिक स्थानों पर घोषित स्टैंड बन गए हैं।

### यहां होती है सबसे ज्यादा परेशानी

नगर के मुख्य मार्ग मुक्तिधाम के पास थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा सब्जी चढ़ाने एवं उतारने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़े वाहनों को खड़ा करवा दिया जाता है और उसके बाद ऑटो पिकअप एवं दो पहिया वाहन चालक बीच सड़क पर ही वाहन को खड़ा कर देते हैं। जिसके कारण सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 तक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है यहां तक की एंबुलेंस में गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है आए दिन एंबुलेंस भी घंटो जाम में फंस जाती है जिससे मरीज की जान को भी खतरा बना रहता है। जबकि यह मार्ग अस्पताल स्कूल नगर पालिका कार्यालय के लिए जाने वाला मुख्य मार्ग है।

### अघोषित पार्किंग

नगर के बस स्टैंड, मनेंद्रगढ़ रोड, मुखर्जी चौक के आगे, मोटर पार्ट्स दुकानों एवं ऑटो गैरेज वाहन चालकों के द्वारा सड़क के दोनों ओर एवं बीच सड़क में ही वाहनों को खड़ा करवा दिया जाता है जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### चलाया जाना चाहिए अभियान

जिला यातायात विभाग को नगर के व्यस्ततम मार्ग बस स्टैंड के आगे तथा मुखर्जी चौक के आगे केरहा नाला तथा मुक्ति धाम के पास अभियान चलाते हुए ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए निर्देश देते हुए सड़क पर वहां न खड़ा करने की समझाइए दी जाने के लिए अभियान चलाने की मांग नागरिकों ने की है।



### संजय भट्ट को कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

**हरिभुमि न्यूज जैतहरी।** प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया में प्रदेश संगठन मंत्री पद पर नियुक्त होने पर संजय कुमार भट्ट को कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन में मिली नई जिम्मेदारी से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जिले व प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजय कुमार भट्ट अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को और सशक्त बनाएंगे।

# राजनगर में विराट हिंदू सम्मेलन से पहले निकली कलश यात्रा



### आरएसएस के पदाधिकारी हुए शामिल, सैकड़ो लोगों ने एक साथ किया भोजन

**राजनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में खंड बिजुरी मंडल राजनगर में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राजनगर सहित आसपास क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र डोला, डूमरकछार तथा ग्रामीण क्षेत्र पिपरहा, रेऊदा, सेमरा, फुलकोना, आमाडांड़, बरतराई, व आसपास के ग्रामीणजन सैकड़ो की संख्या में इस सकल हिंदू समाज जन कार्यक्रम में शामिल हुए। समस्त हिंदू समाज के लोग राजनगर के प्राचीन शिव मंदिर में एकत्रित हुए। जहां से दोपहर में कलश यात्रा प्रारंभ हुई, राजनगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। संघ शताब्दी वर्ष पर संघ ने समाज को "पंच परिवर्तन" सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता तथा नागरिक कर्त्तव्य का सशक्त संदेश दिया। पारंपरिक शैला नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ इस गरिमामय कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं सकल हिन्दू समाज की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। न्यू राजनगर दुर्गा पंडाल तक यह कलश यात्रा गयी। पूरे मार्ग पर भारत माता की जय तथा हर हर महादेव, जय श्री राम के नारो से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। इस कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग महिलाएं, पुरुष, बच्चे, शामिल रहे। इस कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत प्रचारक प्रमुख तथा जिला प्रचारक तथा खंड कारवाह सहित आरएसएस के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस सकल हिंदू समाज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रांत प्रचारक सरवन भाईसाहब, इशा भारती और संत समाज से देवेंद्र शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप, जिला प्रचारक दीपक भाई साहब, खंड कारवाह बृजभूषण भाईसाहब मंचासीन थे। मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आरएसएस का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण समाज को संगठित करना कुरीतियों का निराकरण करना और राष्ट्र प्रथम की भावना को बढ़ावा देना है। समाज को अपने संस्कारों से जुड़े रहना चाहिए और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को समझना चाहिए। संघ ने स्वतंत्रता के बाद भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए भारतीय नागरिकों में राष्ट्र और प्रेम समर्थन भाव लगाया है। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलब्धि में पंच परिवर्तन समाज को अगले कुछ वर्षों में नई दिशा देंगे। इस हिंदू सम्मेलन में अखंड भारत, बेटी बचाओ, नारी शक्ति और एक जुटता का संदेश देते हुए हिंदू समाज को जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर लगभग हजारों की संख्या में समरसता भोज में शामिल हुवे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेमचंद यादव, आधाराम वैश्य, यशवंत सिंह, गजेंद्र सिंह सिकरवार, मदन त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र देवांगन, प्रमोद शुक्ला, सत्यम द्विवेदी, दिनेश चतुर्वेदी, कमलेश चतुर्वेदी, सोनू कनौजिया, सचिन द्विवेदी, नारायण साहू, मनीष शुक्ला, गिरजा विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, अभिषेक सिंह, अखंड प्रताप सिंह, रवि शंकर शर्मा, मातृशक्ति में संगीता माली, पूजा केवट, पूनम सिन्हा, रीना शर्मा, सुनीता द्विवेदी, देविका शुक्ला, आरती शाह, पंजीरा देवी, ज्योति यादव, पुष्पा चतुर्वेदी, ममता पात्रों आदि महिलाएं एवं पुरुष, बच्चे, शामिल रहे।



# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एनपीए खाताधारकों पर सख्त कार्रवाई

### आरआरसी के तहत कुर्की की प्रक्रिया शुरु

**जैतहरी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 31 जनवरी को तहसील कार्यालय जैतहरी परिसर में आयोजित विशेष ऋण वसूली शिविर (आरआरसी) में खराब खातों (एनपीए) के धारकों को तहसीलदार के समक्ष पेश किया। इस दौरान तहसील प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी जारी की कि जो भी ऋणी लोन चुकाने में जानबूझकर ढील बरतेंगे, उनकी चल-अचल संपत्ति पर तत्काल कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैंक अधिकारियों ने सख्ती से कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानूनी प्रक्रिया के तहत संपत्ति जब्त करने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। शिविर में उपस्थित कई ऋणियों ने मौके पर ही अपने बकाया लोन का भुगतान कर दिया, जबकि कुछ ने कार्रवाई से बचने के लिए आगामी दिनों में पूर्ण चुकौती का आश्वासन दिया। तहसीलदार ने जानबूझकर



भुगतान न करने वाले चूककर्ताओं पर कुर्की के आदेश जारी करने के निर्देश दिए। इनमें मुख्य रूप से विपिन अग्रवाल, जीतेंद्र राठौर, प्रीति राठौर, सुनीता बाई (सरपंच) सहित अन्य शामिल हैं। तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में कोई रियायत नहीं दी जाएगी और कानून का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस शिविर में तहसीलदार के अलावा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक अंजना गुप्ता, रिकवरी अधिकारी संजय कैन तथा एन्फोर्समेंट एजेंसी के साजिद खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैंक ने एनपीए खाताधारकों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि समय पर लोन चुकौती न करने वालों के खिलाफ आगे भी ऐसी अभियान जारी रहेंगे, जिससे सभी ऋणियों को सबक मिले और बैंक की वित्तीय स्थिरता बनी रहे। एनपीए ऋणियों को चेतावनीः बैंक ने अपील की है कि सभी बकायेदार तुरंत अपने लोन का भुगतान करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई से बचना मुश्किल होगा। यह अभियान वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देने का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रों का वितरण 6 फरवरी से

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 हेतु परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रो का वितरण 6 फरवरी से किया जायेगा। विकासखंड बहोरीबंद, ढीमरखेडा, बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ के 59 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रो का वितरण 6 फरवरी को और विकासखंड कटनी एवं रीठी के 35 परीक्षा केन्द्रो में सामग्री वितरण 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से समन्वयक केन्द्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी से किया जावेगा। जिले में बोर्ड परीक्षाओ हेतु 94 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने सभी परीक्षा केन्द्रो के संस्था प्रमुखों और प्राचार्य को निर्देशित किया है कि नियत तिथि एवं स्थान में जिम्मेदार कर्मचारी सहित दो ताले वाले पेटी, दो भृत्य सहित वितरण केन्द्र में उपस्थित होकर केन्द्राध्यक्ष के साथ प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाये प्राप्त करें। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष वितरण केन्द्र में निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने पर मण्डल के नियम निर्देशो के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**कटनी।** शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने हेतु कैमोर विज्ञान महाविद्यालय में जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमपी स्वर्णकार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक आफरीन अली के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता के अंतर्गत मिट्टी की उर्वरता और संरचना का संरक्षण, जल और वायु प्रदुषण से बचाव, खेती की लागत कम करना, उपभोक्ताओं को शुद्ध सुरक्षित और पोषक अन्न उपलब्ध कराना, सतत विकास और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की जानकारी दी गई। साथ ही देसी गाय के गोबर तथा गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग की जानकारी दी गई। बताया गया कि देसी गाय के 1 ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं जबकि विदेशी गाय के 1 ग्राम गोबर में 78 लाख सूक्ष्म जीवाणु पाये जाते हैं। देसी गाय के गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। गोमूत्र का उपयोग बीज उपचार, कीटनाशक, शीघ्र खाद एवं पौध पोषण में उपयोग की जानकारी दी गई।

### UGC कानून को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**बरही।** तहसील अंतर्गत खितौली क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रतिनिधि व भाजपा नेता रामलाल गुप्ता ने UGC कानून को लेकर मोदी सरकार का बड़ा फैसला UGC ACT ही नहीं अब USC संस्था होगी समाप्त। अनुसुचित जाति जनजाति ओबीसी महिलाओं दिव्यांग और अल्पसंख्यकों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने पर केन्द्रित किया गया है इसमें भेदभाव को अनुचित व्यवहार बहिष्कार या अवसरों से वंचित करना माना गया है अब संस्थानों के लिए इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा यह यूजीसी कानून व्यवस्था लागू करने पर सांसद प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है की सवर्णों को देखते हुए यूजीसी एक्ट कानून वापस लिया जावें।

### बकाया करों की वसूली हेतु सामूहिक दल गठित

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए बकाया करों की वसूली कार्य में प्रगति लाते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुरूप बकाया करों की राशि वसूली हेतु निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा सामूहिक दल का गठन किया जाकर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त ने गठित दल को प्रति सप्ताह शनिवार को आपसी सामंजस्य स्थापित कर वार्ड का चयन करते हुए बकायेदारों से संपर्क कर नियमानुसार कुर्की, वारंट एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराते हुए प्रति सप्ताह की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए है।


### झांकी व कलश यात्रा गायत्री मंदिर से नगर भ्रमण कर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा में सम्पन्न

# विशाल हिन्दू सम्मेलन समस्त हिन्दू समाज द्वारा शोभा यात्रा

ब्योहारी

ब्योहारी में आज दिनांक 31 - 01 - 2026को विशाल हिन्दू सम्मेलन में समस्त हिन्दू समाज व सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकता के लिए आज राजा श्री राम व सीता माता जी व हनुमान जी की झांकी व कलश यात्रा लगभग 12 दोपहर को गायत्री मंदिर से राधा कृष्ण मंदिर से राम - जानकी मंदिर, झण्डा बाजार, लक्ष्मीनारायण मंदिर होते हुए बनसुकली चौराहा से पुरानी मजिस्ट्रेटी से होते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंच कर दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया गया लगभग 2 बजे दोपहर सम्पन्न हुई* हिन्दू जागरण सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकता के विशाल जनसभा हुई आज दिनांक 31 - 01 - 2026 दिन शनिवार को मंच हिन्दू सम्मेलन के आयोजन उपास्थित पदाधिकारी अपने वक्तव्य मे कहा कि आज हिन्दू जागरण सनातन संस्कृति धर्म एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है







आयोजकों के अनुसार हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य समस्त हिन्दू समाज को एकजुट कर समाज में सकारात्मक उर्जा व चेतना का संचार किया जा सके। सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने बातों को रखा साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक बिषय पर अपने विचार रखे गए हिन्दू सम्मेलन जिन्दाबाद जिन्दाबाद के विशाल हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

# पुरानी बंद खदान के पानी में तैरता मिला 6 वर्षीय मासूम का शव





धनपुरी

में गुमशुदा बच्चे की दर्दनाक मौत, तीन दिन से था लापताफोटो 02धनपुरी। सोहागपुर एरिया अंतर्गत धनपुरी यूजी माइंस के पीछे वर्षों पूर्व बंद हो चुकी बैगा ओसीएम खदान एक बार फिर हादसे का गवाह बनी। शनिवार 31 जनवरी की दोपहर खदान में भरे पानी में एक बच्चे का शव संदिग्ध अवस्था में तैरता हुआ देखा गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को 4 फिट गहरे पानी से बाहर निकलवाया। पहचान होने पर पता चला कि शव वार्ड नंबर 13, झिल्ली दफाई निवासी बलराम कोल के 6 वर्षीय पुत्र कृष्ण कोल का है, जो बीते 27 जनवरी 2026 से लापता था।वर्षों से खतरनाक बना है बंद खदान क्षेत्रबताया गया कि बैगा ओसीएम से पूर्व में कोयला निकाला जा चुका है। खदान बंद होने के बाद वहां गहरा पानी भर गया, साथ ही बघइया नदी का पानी भी इसी क्षेत्र से होकर बहता है। सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण अक्सर आसपास के बच्चे यहां नहाने और खेलने पहुंच जाते थे, जिसे लेकर पहले भी आशंकाएं जताई जाती रही हैं। 27 जनवरी से था लापता, 28 को दर्ज हुई थी गुमशुदगीपरिजनों के अनुसार कृष्ण कोल कक्षा दूसरी का छात्र था। 27 जनवरी को घर से बाहर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।अगले दिन 28 जनवरी को धनपुरी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पार्षद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिसघटना की जानकारी वार्ड नंबर 13 की पार्षद पूजा कोल ने तत्काल धनपुरी थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।साथ ही जिला पुलिस फॉरेंसिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी स्थिति साफथाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो ने बताया कि, "मामले की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।"पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इलाके में शोक, उठे सुरक्षा के सवालइस दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।



# थाना बिजुरी द्वारा अपह्त बालिका को दस्तयाब कर किया परिजनों को सुपुर्द

हरिभुमि न्यूज बिजुरी।

19 जनवरी को फरियादी थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी नाबालिग लडकी जिसकी उम्र लगभग 14 वर्ष 03 माह है जो कक्षा 9वी बडी कन्या स्कूल बिजुरी मे पढती है 19 जनवरी को सुबह लगभग 10.00 बजे स्कूल जाने का कहकर घर से गई थी शाम को घर नही लौटी तब मै उसके साथ पढने वाले लडकियों से पता तलास किया तो लडकी स्कूल नही गई थी बिना बताये कही चली गई है फिर मै नात-रिश्तेदारी एवं आस-पास कस्बा मे तलास किया तो लडकी का कही पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिक लडकी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस. कायम कर अनुंसंधान में लिया गया। दौरान विवेचना अपृहता की पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर दस्तयाबी हेतु किए गये और 30 जनवरी को अपह्ता बालिका को बुढार जिला शहडोल से दस्तयाब कर उसके परिजनो को विधिवत सुपुर्द किया। बालिका की दस्तयाबी होने से बालिका के परिजनो में खुशी माहौल व्याप्त है एवं परिजनो द्वारा पुलिस आभार व्यक्त किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना बिजुरी के थाना प्रभारी निरी. विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, सउनि विपिन बिहारी राय, सउनि प्रभाकर पटेल, सायबर सेल से पंकज मिश्र और म आर. 305 संगम तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

# चचाई उपकेंद्र क्षेत्र में पम्प लाइन ट्रांसफार्मर को लेकर अनियमितता का आरोप



### गरीब किसानों को नहीं मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर संभाग के चचाई उपकेंद्र अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में पम्प लाइन के ट्रांसफार्मर को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बड़का तालाब के पास जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाया जाना था, उसे नियत स्थान पर न लगाकर कुछ लोगों ने कथित लेनदेन के माध्यम से अपने निजी खेत में लगवा लिया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर को मूल निर्धारित स्थल से लगभग चार पोल दूर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे योजना का वास्तविक लाभ उन गरीब किसानों तक नहीं पहुंच पाया, जिनके लिए यह व्यवस्था की गई थी। प्रभावित किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की जगह बदलने से उन्हें अब भी पर्याप्त विद्युत सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि कुछ चुनिंदा लोगों को इसका सीधा फायदा पहुंच गया। मामले को लेकर गांव में असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ट्रांसफार्मर को पुनः निर्धारित स्थान पर लगाया जाए, ताकि जरूरतमंद और गरीब किसानों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

# वेकंटनगर पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता लड़की को दस्तयाब कर किया गया परिजनों के सुपुर्द

हरिभुमि न्यूज जैतहरी।

22 जनवरी को ग्राम लहसुना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्ष, 06 माह 21 दिन की नाबालिक बालिका के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट की गयी थी जिस पर पु.स.के. वेंकटनगर थाना जैतहरी में अपराध क्रं. 32/2026 धारा 137(2) का पंजीध्द किया जाकर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के निर्देशन में व थाना प्रभारी अमर वर्मा के निर्देशन में गुमसुदाओं की पता तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वेंकनटगर पुलिस द्वारा अपहर्ता की पता तलाश की जा रही थी जो वेंकटनगर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुये अपहर्ता की पता तलाश की गई जो अपहर्ता को पेण्ड्रा रोड़ रेल्वे स्टेशन गौरेला (छ.ग.) से 29 जनवरी को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यावाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार ,प्र.आर. सुजीत सिंह एवं आर. 281 सोनू पर्ते का विशेष योगदान रहा ।



### सांदीपनि शासकीय उमावि मे आयोजित हुआ कैरियर मेला

# विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कैरियर का चयन कर आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य मे उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमानबाद मे पांच दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया जा रहा है।

शुक्रवार को कैरियर काउंसलिंग आयोजित की गईं है जिसमें ब्लॉक काउंसलर काजल बड़गैया व डॉ शैलेन्द्र जाट के द्वारा विद्यार्थियों से सहज संवाद किया गया। इस दौरान कैरियर से जुड़ी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता अनुरूप कैरियर निर्धारण करने उन्हें प्रेरित किया गया।

कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता, उद्देश्य, संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषय पर आधारित कार्य क्षेत्र, दसवीं के बाद विषय का चुनाव तथा 12वीं व स्नातक के पश्चात कैरियर के अवसर पर मार्गदर्शन भी दिया गया। वहीं कैरियर संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया साथ ही कहा कि विषय का चयन रूची अनुसार करें और आगे बढ़े। विषय को ध्यान में रखकर आगे बढ़े। कॅरियर का सही चुनाव होने पर जीवन मे खुशियां ही खुशियां आ जाती हैं जिंदगीभर प्रसन्नता रहती है।

#### सफलता का दिया मंत्र

मास्टर ट्रेनर काजल बड़गैया के द्वारा छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करे इसका मूल मंत्र दिया गया। कैसे आईएएस,आईपीएस व आईएफएस बन सकते है,इस पर विस्तृत जानकारियां दी गई। अन्य प्रतियोगी परीक्षा जैसे रेलवे, एसएससी,बैंक कर्मी ,सहायक ग्रेड 2 व 3 सहित अन्य पदों पर नॉकरी पाने कैसे प्रतियोगी परीक्षाओ मैं सफलता हासिल की जा सकती है इसकी जानकारियां दी गई। साथ ही कहा गया कि प्रयास करने वालो की कभी हार नही होती है जिनके मन की इच्छा कुछ बनने की होती है तो वो उसका लक्ष्य निर्धारण कर अपनी तैयारियां करते है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के तहत कैरियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर, प्रेजेंटेशन एवं ब्रोशर के माध्यम से संवेदात्मक और रोचक तथा विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके कैरियर से संबंधित प्रश्नों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान प्राचार्य डी के ठाकुर, शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी,कैरियर काउंसलिंग प्रभारी रेखा सिंह,उइके मेडम, कृष्णा दुबे,सविनय तिवारी, राकेश रैदास, गुरूप्रशन्न बैरागी, दीपिका तिवारी, हेमपुष्पा, पंकज कुशवाहा, चमन रजक, अमन दुबे, कंचन पाण्डे व व्यावसायिक शिक्षक पूनम दाहिना उपस्थित रही।



### बापू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दिन में 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बापू की तस्वीर में पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थिति चिकित्सक डॉ देवेंद्र सिंह एवम आर जी तिवारी एन. एम. ए के द्वारा कुष्ट रोग पखवाड़े का शुभारंभ भी किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा कुष्ट रोग के प्रति की गई अपील का वाचन भी किया गया

**गुमशुदा की तलाश**



शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत विजहा थाना तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल मध्य प्रदेश के निवासी राकेश सिंह गोंड़ पिता राम दिनेश सिंह गोंड़ ग्राम विजहा के पुश्तैनी निवासी है। जिनके पुत्र राकेश सिंह जिसकी लगभग उम्र 13, 14 जो दो महीने पहले से परतापुर जिला मेरठ में गन्ना छिलाई का काम करने मेरठ पिछले 14 जनवरी को घर से मेरठ के लिए घर से कह कर निकाला था जिसका आज दिनांक तक कोई सम्पर्क नहीं हो रहा है, जयसिंहनगर नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज है। राकेश सिंह जिस किसी भी सज्जन दिखे या पता बताने वाले को उचित पुरस्कार दिया जायेगा।

सम्पर्क सूत्र
राम दिनेश सिंह, ग्राम विजहा
मोबा. नं. में संपर्क करें 8305716162

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में डॉ. नरेन्द्र पटेल होंगे सम्मानित



हरिभुमि न्यूज अनूपपुर। जिले के लिए गौरव का विषय है कि शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. नरेन्द्र पटेल को आगामी दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों एवं कृषि आधारित शोध कार्य के लिए प्रदान किया जा रहा है। डॉ. पटेल ने वर्ष 2022 में मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध विषय "अनूपपुर जिला (मध्यप्रदेश) का कृषित भूमि उपयोग एवं पोषण" रहा, जो क्षेत्रीय कृषि व्यवस्था, भूमि प्रबंधन तथा पोषण सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने वर्ष 2018 में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर शोध कार्य प्रारंभ किया तथा सतत परिश्रम, अध्ययन और मैदानी विश्लेषण के बाद वर्ष 2022 में अपना शोध सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोधकार्य उन्होंने डॉ. मोहंती के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया। विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. पटेल का शोध कृषि भूमि के वैज्ञानिक उपयोग, उत्पादन क्षमता वृद्धि तथा ग्रामीण पोषण स्तर सुधारने में सहायक सिद्ध हो सकता है। यह अध्ययन नीति-निर्माताओं, कृषकों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी दिशा प्रदान करेगा। डॉ. पटेल की इस उपलब्धि से अनूपपुर जिले में हर्ष का वातावरण है। शिक्षकों, साथियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की ।

### मोटरसाइकिल रैली को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अनूपपुर। मध्य प्रदेश शासन के "किसान कल्याण वर्ष 2026" कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य किसानों के बीच जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना, शासन की कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना और किसानों को सम्मानित करना है। इस दौरान कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि इस तरह की पहल किसानों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे उन्हें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। रैली कलेक्टर कार्यालय से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अमरकंटक तिराहा में समाप्त हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, उप संचालक कृषि कैलाश मगर, सहायक संचालक आत्मा श्रीमती निशा सिन्हा, जनप्रतिनिधि और कृषि विभाग के पदाधिकारी, किसान उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 90 हजार रुपये के आर्थिक सहायता की दी मंजूरी

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गंभीर रोग एवं दुर्घटना से पीड़ति नागरिकों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के स्वेच्छानुदान मद से जिले के दो जरूरतमंद व्यक्तियों को कुल 90 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। कलेक्टर पंचोली ने सूरज सोनी निवासी वार्ड नं. 15 नगर पालिका अनूपपुर को दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट आने पर उपचार हेतु 50 हजार रुपए तथा श्रीमती सरस्वती मिश्रा, निवासी वार्ड क्रमांक 05, ग्राम आमाडांड़ जिला अनूपपुर को एनीमिया संबंधी गंभीर रोग के उपचार हेतु 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### ऑटो से बैटरी चोरी के शातिर चोर गब्बर उर्फ ऋषभ गिरफ्तार



कोतमा। पुलिस ने घर के सामने खड़ी ऑटो से बैटरी चोरी के मामले में शातिर चोर गब्बर उर्फ ऋषभ साहू 23 को गिरफ्तार करते हुए चोरी की बैटरी बरामद की है। आरोपी के द्वारा बैटरी को रेलवे लाइन किनारे घनी झाड़ियों में छिपा दिया था। कार्यवाही को लेकर विवेचक कमलेश सिंह ने बताया कि बनिया टोला में रहने वाले मोहम्मद अब्दुल उर्फ अफजल के घर के सामने खड़ी ऑटो से अज्ञात चोरों के द्वारा रात में बैटरी चोरी किए जाने की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आस पास लगे कैमरों सहित साइबर सेल की मदद से संदेही ऋषभ साहू से पूंछताछ करते हुए 12 वोल्ट की बैटरी कीमती 4 हजार रुपए को बरामद किया गया है।

## .. तो क्या जिम्मेंदार प्रशासनिक अमले की जेब हो रही गर्म ?

# धान के क्रॉस मूवमेंट से शासन को लग रहा चूना

जिला नागरिक आपूर्ति निगम एक सुर्खी से बाहर होने के पहले ही दूसरी फर्जी दास्तां रच पुनः सुर्खियां बटोर डालता है मामला चाहे बीआरएल चावल का हो या फर्जी भुगतान से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक वाले हो या फिर ताजा मामला धान के भण्डारण से जुड़ा वाला हो जिसमें लगातार क्रॉस मूवमेंट कर शासन को चूना लगाया जा रहा है।





हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।

किसान की उपज धान के रूप में जैसे ही विक्रय केन्द्रों पर पहुंची इससे जुड़े कारोबारियों की बांछे खिल गई वर्तमान समय पर अनूपपुर जिले में धान ट्रंासपोर्टिंग का काम जिसे दिया गया है वह कुछ अधिकारियों से सांठ-गांठ कर गलत मैपिंग फीड कराते हुये क्रॉस मूवमेंट में धान परिवहन का कार्य कर रहा है जिससे दोहरे लाभ का अर्जन उक्त ट्रांसपोर्टर को मिल रहा है वहीं जिला नान अधिकारी अनीता सोर्ते का इस ओर ध्यान न देना भी एक भ्रष्टाचार की इबारत लिखे जाने की इशारा एवं गवाही दे रही है, बीते दिनों भी एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें जहां एक ओर आरटीआई से प्राप्त दस्तावजों में बताया जाता है कि भुगतान नियमतः एवं नियत किये गये हैं वहीं चार्ज सीट में अतिरिक्त भुगतान वाली बात सामने आई थी और अब क्रॉस मूवमेंट के जरिये चहेतों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

### यह है पूरा मामला

अनूपपुर जिले में इन दिनों ट्ंरासपोर्टर को लाभ दिलाने की मंशा से क्रॉस मूवमेंट का खेल जोरों से चल रहा है जिले के भेजरी खरीदी केन्द्र से सजहा वेयर हाउस की दूरी महज 35 किमी है लेकिन इस खरीदी केन्द्र से धान बिजुरी के शुभ वेयर हाउस भेजा जा रहा है जिसकी दूरी 100 किमी. के आस पास है जबकि उक्त वेयर हाउस के निकटतम खरीदी केन्द्र कोठी की दूरी महज 20 किमी. है जहां के धान को सजहा वेयर हाउस ट्रांसपोर्टिंग कर भेजा जा रहा है ऐसे में ट्रांसपोर्टर को दोनो तरफ से भाड़ा मिल रहा है और शासन को लाखों की चपत इस बेसिर पैर के नियम से लग रही है।

### लाखों क्विंटल धान खुले में

किसान की उपज धान खरीदी के लिये सरकार ने अनूपपुर जिले में 34 खरीदी केन्द्र बनाये गये थे इनमें से कुछ खरीदी केन्द्र स्व सहायता समूहो को तो अधिकांश केन्द्र लैम्पस के माध्यम से संचालित रहे, वर्तमान समय पर जहां क्रॉस मूवमेंट से सही समय पर खरीदी किया गया धान सुरक्षित भण्डारित नही हो पाया है जिससे लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है इस क्षेत्र में मौसम अचानक करवट लेता रहा है यदि ऐसा हुआ तो यह धान सडऩ की कगार पर पहुंच सकता है जिला नान अधिकारी और ट्ंरासपोर्टर सरकार को चूना लगाते हुये अतिरिक्त आय के स्रोत बना रहे है जिससे धान समय पर सुरक्षित ठिकाने से दूर बने हुये हैं।

### डीएम नान की चूक या संलिप्तता

ट्रांसपोर्टर से कुछ अधिकारियों की सांठ-गांठ वाली खबरें अब आम होने लगी है सूत्रों की माने तो धान उपार्जन ठेकेदार एसएस लॉजिस्टिक 5 रूपये प्रति क्विंटल की दर से कमीशन देता है यह पैसा किसकी जेब भर रहा है यह तो वे ही जाने किन्तु वर्तमान जिला नान अधिकारी अनीता सोर्ते क्रॉस मूवमेंट की ओर से बेखबर बनी हुई हैं जिसे चूक कहा जाये या संलिप्तता आगे उजागर होगी, अनूपपुर जिला नान अधिकारी का विवादों से नाता चोली दामन जैसा बना रहता है इस कुर्सी पर बैठने वाला अधिकारी बैठते ही छोटी गंगा स्नान कर अपनी छवि दागदार कर डालता है या फिर यह कुर्सी ही ऐसी है जिसमें अनगिनत कांटे उगे हुये हैं जिससे अंजाने ही घाव मिल जाते हैं।

## 22 भैंस पाड़े, ट्रक और हथियार समेत 11 लाख की पशु तस्करी का भंडाफोड़

# कोतमा पुलिस का पशु तस्करों पर कहर





हरिभुमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

**अनूपपुर जिले में पशु तस्करी के खिलाफ कोतमा पुलिस ने एक बार फिर बड़ी और निर्णायक कार्रवाई कर तस्करों की कमर तोड़ दी है। देर रात की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने 22 नग भैंस पाड़े, एक ट्रक, देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही संगठित पशु तस्करी नेटवर्क पर करारा प्रहार मानी जा रही है।**

पशु तस्करी पर सख्ती बरतते हुए अनूपपुर पुलिस ने कोतमा थाना क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। 31 जनवरी की रात थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि भालूमाड़ा रोड से एक ट्रक, जिस पर काली तिरपाल ढकी है, भैंसों को क्रूरता से ठूंस-ठूंस कर भरकर अनूपपुर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जंगल चौकी हाईवे पर नाकाबंदी की। ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन तेज कर दिया। पुलिस ने पीछा कर पतेराटोला के पास ट्रक को रोका। ट्रक से कूदकर भाग रहे तीन आरोपियों में से दो को पुलिस ने दबोच लिया, जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान ट्रक में भैंस पाड़े और केबिन से देशी कट्टा व कारतूस बरामद किए गए। यह कार्रवाई पशु तस्करों के खिलाफ सख्त संदेश है।

### फिल्मी अंदाज में पीछा, दो तस्कर दबोचे

नाकाबंदी के दौरान ट्रक नहीं रुकने पर पुलिस ने साहसिक तरीके से पीछा किया। पतेराटोला के पास ट्रक को घेराबंदी कर रोका गया। पुलिस को देख तस्कर ट्रक से कूदकर भागने लगे तीन लोगों में से उमेश केवट और अंकित द्विवेदी को पुलिस ने गिरते-पड़ते पकड़ लिया, जबकि जयभान सिंह गोंड मौके से फरार हो गया।

### ट्रक में क्रूरता की इंतहा, 22 भैंस पाड़े बरामद

पुलिस द्वारा पकड़े गए पशु तशतरी करने वाले ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 5617 को खुलवाकर देखा गया तो अंदर 22 नग भैंस पाड़े नायलॉन रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से भरे गए थे। मवेशियों की अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है, पशुओं को जिस तरह से ट्रक में रखा गया था वह देखकर तस्करी की भयावह तस्वीर की कल्पना सहज ही लगाया जा सकता है।

### हथियार और कारतूस भी मिले, साजिश का खुलासा


ट्रक की केबिन की तलाशी में 315 बोर का देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इससे स्पष्ट हुआ कि तस्कर किसी भी विरोध का सामना हथियारों से करने को तैयार थे। दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए है, जिनसे नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली सकी है।

### 11 आरोपी रडार पर, सख्त धाराओं में केस दर्ज

पूछताछ में पशु तस्करी गिरोह के कुल 11 लोगों के नाम सामने आए हैं। सभी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम, म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### कार्यवाही में अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में सउनि गोविन्द प्रजापति, आरक्षक अभय त्रिपाठी, संजय वर्मा, ऋषि पासी और अनिल मरावी की अहम भूमिका रही। बीते एक सप्ताह में कोतमा पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसने पशु तस्करों में हड़कंप मचा दिया है।



## मां नर्मदा जी का प्राकट्योत्सव पश्चात छठी संस्कार पर्व श्रद्धा व विधि-विधान से संपन्न

**हरिभुमि न्यूज अमरकंटक।** पतित पावनी आदिशक्ति परांबा भगवती मां नर्मदा जी के पावन प्राकट्योत्सव के पश्चात छठवें दिवस छठी संस्कार महोत्सव परंपरागत धार्मिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, कन्या भोज, महा आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मां नर्मदा जी का पावन जन्म महोत्सव माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी से प्रारंभ होकर छठे दिवस माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, शनिवार को पुनर्वस नक्षत्र में छठी संस्कार पर्व के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण आयोजन धार्मिक रीति-रिवाजों एवं आध्यात्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां नर्मदा जी के महोत्सव के छठे दिन छठी संस्कार पर्व मनाया गया। इसी क्रम में नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर परिसर में यह धार्मिक आयोजन पारंपरिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित हुआ। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं, तीर्थ यात्रियों एवं दर्शनार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी भक्तजन इस पावन अवसर से आनंदित एवं भावविभोर दिखाई दिए। संध्या काल में नर्मदा उद्गम स्थल कुंड में भक्ति-भाव से परिपूर्ण महा आरती का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा मंदिर के पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी, नीलू महाराज, उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज), जुगल द्विवेदी, रूपेश द्विवेदी, राजेश द्विवेदी एवं बल्लू महाराज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।




# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश योजना के तहत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और सामुदायिक नेतृत्व पर दिया गया जोर

हरिभुमि न्यूज बदरा/जमुना।

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा अंतर्गत 30 जनवरी को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सेक्टर क्रमांक 01 की नवांकुर संस्था राम किशोर जन उत्थान समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान के सहयोग से जनपद पंचायत बदरा के सभागार में सेक्टर स्तरीय बैठक एवं स्वदेशी वस्तुओं के दैनिक प्रयोग विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर प्रतिनिधि, परामर्शदाता एवं सहयोगी वक्ताओं द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों को योजनाओं की जानकारी देते हुए सामुदायिक नेतृत्वकर्ता के गुणों से अवगत कराया गया। सीएमसीएलडीपी की छात्राओं ने ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं, पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने, स्थानीय समस्याओं के सामूहिक समाधान तथा फील्ड वर्क के अनुभव साझा किए। गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पंपलेट का वितरण भी किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी वस्तुओं के दैनिक जीवन में प्रयोग की शपथ दिलाई गई और स्थानीय लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति अनूपपुर, पसान एवं भालूमाड़ा के प्रतिनिधियों, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनों की सक्रिय उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

# पुष्पराजगढ़ विधायक कप खेल प्रतियोगिता एवं आदिवासी उत्सव मेला 2026 का आयोजन कल

### राजेंद्रग्राम बिजली ऑफिस खेल मैदान में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज राजेंद्रग्राम।

पुष्पराजगढ़ विधायक कप खेल प्रतियोगिता एवं आदिवासी उत्सव मेला 2026 का समापन राजेंद्रग्राम में बिजली ऑफिस खेल मैदान में कल 2 फरवरी को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक आशुतोष सिंह मार्को जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस जिला अनूपपुर के साथ ही अमितोष सिंह मार्को एवं ब्लाक अध्यक्षगण सुखराम सिंह मरावी, संतलाल चन्द्रवंशी, पोषलाल सिंह श्याम, रामदयाल बंजारा, पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया, हीरा सिंह टेकाम अध्यक्ष सरपंच संघ एवं महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस एवं समस्त जनपद सदस्य, सरपंच व पंचगण विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक कप खेल प्रतियोगिता एवं आदिवासी उत्सव मेला का समापन समारोह कल 02 फरवरी दिन सोमवार सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जयवर्धन सिंह विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। इनके साथ ही विशेष अतिथिगण के रूप में विक्रान्त भूरिया विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, ओमकार सिंह मरकाम विधायक,पूर्व कैबिनेट मंत्री, सीईसी चन्दन यादव राष्ट्रीय सचिव सहप्रभारी मध्यप्रदेश रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता फुन्देलाल सिंह मार्को विधायक पुष्पराजगढ़-88 सदस्य



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव म.प्र. कांग्रेस कमेटी करेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामू सिंह टेकाम अध्यक्ष म.प्र. आदिवासी कांग्रेस, प्रीति रमेश सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर, सुनील राराफ पूर्व विधायक विधानसभा कोतमा, अजय अवस्थी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल, पार्वती सिंह अध्यक्ष नगर परिषद अमरकंटक, रज्जू नेताम उपाध्यक्ष नगर परिषद अमरकंटक, धनश्याम जायसवाल अध्यक्ष नगरपालिका शहडोल, भूपेन्द्र सिंह सभापति जिला पंचायत अनूपपुर, ओमकार सिंह (बबलू) सभापति जिला पंचा.उमरिया, हेमनाथ बैगा सदस्य जिला पंचायत उमरिया, राजीव सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत जैतहरी, अशोक पाण्डेय उपाध्यक्ष जनपद पंचा. पुष्पराजगढ़, संतोष पाण्डेय (बबलू) पूर्व उपाध्यक्ष ज.पं. पुष्पराजगढ़, अजय सिंह पूर्व विधायक उमरिया, सुखेन्द्र सिंह (बन्ना) पूर्व विधायक प्रभारी अनूपपुर, मनोज कुमार अग्रवाल पूर्व विधायक कोतमा, विजय कोल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया, श्याम कुमार (गुड्डू) चौहान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर, भुवनेश्वरी सिंह सभापति जिला पंचायत अनूपपुर, रामजी मिश्रा रिंकू सभापति जिला पंचायत अनूपपुर, सुभाष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल, राजेश बैगा सदस्य जिला पंचायत शहडोल, मनोज राठौर उपाध्यक्ष जन.पंचा. जैतहरी, अनुपम गौतम जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस शहडोल, अनुराग सिंह जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस उमरिया, मानवेन्द्र कुमार मिश्रा जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस अनूपपुर उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति ने सभी से आग्रह किया है कि 2 फरवरी को विधायक कप खेल प्रतियोगिता एवं आदिवासी उत्सव मेला 2026 में सभी लोग पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। पुष्पराजगढ़ विधायक कप खेल प्रतियोगिता स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आज 1 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे से आयोजित की गई है। कार्यक्रम में सभी स्कूली बच्चों, अभिभावकों एवं खेल प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। जानकारी देते हुए बताया गया कि बालिकाओं के लिए जो प्रमुख खेल होने हैं उसमें फुटबॉल, कबड्डी, वालीबाल एवं रंगबंली का खेल आयोजित होगा। जबकि बच्चों के खेल में कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़, चमच दौड़ के साथ ही अन्य खेल एवं अन्य रोचक एवं मनोरांजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई है। जिसमें सभी से सहभागिता की अपील की गई है।